FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनाँक 27-09-2025 थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना मक्खनपुर मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा एटीएम कैश चोरी में वांछित अभियुक्त अखिलेश उर्फ करु को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

- **अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस बरामद, 04 एटीएम कार्ड, 04 काले रंग की प्लास्टिक प्लेट, 01 पल्सर मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद ।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया .**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना मक्खनपुर मय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27-09-2025 को समय करीब 23.45 बजे सांती पुल के पास सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मोटरसाईकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा तथा हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख व खुद को घिरता देख संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया । घायल व्यक्ति की पहचान थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0स0 569/25 धारा 318(4),303(2),317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अखिलेश उर्फ करु पुत्र रामनाथ निवासी सलेमपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी हाल निवासी सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त अखिलेश उर्फ करु को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया गया। घायल अभियुक्त अखिलेश उर्फ करु के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 04 एटीएम कार्ड, 04 काले रंग की प्लास्टिक प्लेट, 01 पल्सर मोटरसाईकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई है। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. अखिलेश उर्फ करु पुत्र रामनाथ निवासी सलेमपुर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी हाल निवासी सैलई थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1.01 तमंचा 315 बोर।

2. 01 खोखा कारतूस।

3. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।

4. 04 एटीएम कार्ड।

5.04 काले रंग की प्लास्टिक प्लेट।

6.01 पल्सर मोटरसाईकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त अखिलेश उर्फ करु-

1. मु0अ0सं0 260/2025 धारा 109(1) (पु0मु0) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

2.मु0अ0सं0 293/2018 धारा 306/376डी/120बी भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट थाना कुरावली मैनपुरी 3.मु0अ0सं0 831/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना उत्तर फिरोजाबाद।

4.मु0अ0सं0 266/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर फिरोजाबाद।

5.मु0अ0सं0 569/2025 धारा 318(4)/303(2)/317(2) बीएनएस थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1.थानाध्यक्ष श्री चमन कुमार शर्मा थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

2.म0उ0नि0 अनु पावडिया थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

3.उ0नि0 श्री यशपाल सिंह थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

4.उ0नि0 भूपाल सिंह थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

5.उ0नि0 विनय कुमार थाना मक्खनपुर फिरोजाबाद।

6. म0है0का0 1087 मनीषा चौधरी थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

7.म0का0 992 अनु चौधरी थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

8.का0 1387 भूपेन्द्र सिह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

9.का0 1011 मनोज कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

10.का0 32 दीपक कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।